पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————

राज्यपाल से मिले आर0एम0एल0 संस्थान के निदेशक, चिकित्सक और विद्यार्थी

————

राज्यपाल के बहुमूल्य दिशा–निर्देशन में संस्थान को मिली एम.बी.बी.एस. कोर्स की मान्यता के लिए हर्ष के साथ जताया आभार

————

लखनऊः 13 जुलाई, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहाँ राजभवन में डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की निदेशक डॉ0 सोनिया नित्यानंद, संकायाध्यक्ष तथा दस अन्य चिकित्सा विद्यार्थियों ने राज्यपाल जी एवं कुलाध्यक्ष से भेंटकर उनके दिशा–निर्देश में संस्थान को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एन0एम0सी0) द्वारा एम0बी0बी0एस0 की 150 सीट्स की मान्यता प्रदान कर दिए जाने पर अपनी हार्दिक प्रसन्नता और आभार व्यक्त किया। डॉ0 सोनिया नित्यानंद ने संस्थान की इस उपलब्धि पर राज्यपाल जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बहुमूल्य दूरदर्शी विचार, प्रेरणा और मार्गदर्शन तथा प्रयासों से डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान को आगामी पाँच वर्षों के लिए यह उपलब्धि प्राप्त हो सकी है।

डॉ0 सोनिया नित्यानंद ने बताया कि संस्थान को वर्ष 2017 में एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम के लिए एन0एम0सी0 से एल0ओ0पी0 अनुमति प्राप्त होने पर 150 सीट्स पर शैक्षणिक कार्य प्रारम्भ हुआ था।

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361